म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स,किसान भवन,भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2022-23/128 भोपाल, दिनांक-13/10/2022

कार्यवाही विवरण

दिनांक 12/10/2022 को प्रबंध संचालक महोदया के कक्ष में एम.पी.फार्मगेट एप के संबंध में Webex के माध्यम से वर्चुअल बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर संचालक श्री डी.के. नागेन्द्र, श्री दिनेश द्विवेदी, श्री एस.बी. सिंह,श्री अमर सेंगर, श्री चंद्रशेखर वशिष्ठ एन.आई.सी. के तकनीकी निदेशक श्री मुशर्रफ सुल्तान, चीफ़ प्रोग्रामर श्री संदीप चौबे, प्रोग्रामर श्री संजीव अग्निहोत्री, सहायक संचालक श्री योगेश नागले, समस्त आंचलिक कार्यालयों के संयुक्त/उप संचालक तथा प्रदेश की समस्त मंडियों के सचिव उपस्थित रहे। बैठक में अपर संचालक श्री डी.के. नागेन्द्र द्वारा एम.पी.फार्मगेट एप की समीक्षा उपरांत निम्नानुसार आवश्यक निर्देश दिये :-

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र. शासन एवं अपर मुख्य सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा रवि,खरीफ़ समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में प्रदेश के समस्त संभाग/जिलों में संभागायुक्त/कलेक्टर की अध्यक्षता में एम.पी.फार्मगेट एप के व्यापक प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिए है। उक्त के परिपालन में समस्त आंचलिक संयुक्त/उप संचालकों को अपने अंचल के मंडी सचिवों से संपर्क कर एम.पी.फार्मगेट एप की कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, किसानों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों एवं अन्य कृत्यकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए गए।
2. मंडी बोर्ड मुख्यालय द्वारा प्रेषित एम.पी.फार्मगेट एप का यूजर मेनुअल का व्यापक अध्ययन कर उक्तानुसार एम.पी.फार्मगेट एप पर अधिक से अधिक सौदे सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए।
3. एम.पी.फार्मगेट एप के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश सभी सचिवो को दिए गए जिसमें मंडी प्रांगण में फ्लेक्स, पम्पलेट, ध्वनि विस्तारक यन्त्र से उदघोषणा तथा प्रेस नोट जारी कर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।
4. एम.पी.फार्मगेट एप पर हो रहे संव्यवहारों की रिपोर्ट देखने हेतु सचिव/आंचलिक/वरिष्ठालय के लॉग इन डैशबोर्ड पर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश एन.आई.सी. भोपाल को दिए गए।
5. पायलेट मंडियों में तुलनात्मक रूप से कम संव्यवहार करने वाली मंडियों को अधिक से अधिक संव्यवहार किये जाने के निर्देश दिए गए।
6. निकट भविष्य में उक्त एप का प्रवर्तन माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा किया जाना प्रस्तावित है जिसमें माननीय मुख्यमंत्री महोदय जिले की मंडियों के किसानों तथा व्यापारियों से एम.पी.फार्मगेट एप के सम्बन्ध में चर्चा कर सकते है। समस्त सचिव

उक्तानुसार अपने-अपने मंडी क्षेत्र में एम.पी.फार्मगेट एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किसान तथा व्यापारियों, जनप्रतिनिधी,FPO/FPC के मध्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत में अपर संचालक महोदय द्वारा समय सीमा में निर्देशित कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश देते हुये बैठक समाप्त की गयी।

13/10/22

(डी.के.नागेन्द्र)
अपर संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2022-23/ 129 भोपाल, दिनांक 13 / 10/ 2022

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सहायक, अपर मुख्य सचिव,किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, मंत्रालय भोपाल।
2. निज सहायक, प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
3. श्री मुशर्रफ़ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. भोपाल।
4. अपर/संयुक्त/उपसंचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
5. संयुक्त/उपसंचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय(समस्त)।
6. चीफ़ प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
7. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति समस्त।

13/10/22

अपर संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल